दिनांकः 09.11.2026 समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले।
- कैंसर के उपचार की 137 दवाओं की घटी हुई कीमतें आज से लागू हुई।
- दीपोत्सव के तहत आज कई स्थानों पर अन्नकूट महोत्सव और गोवर्धन पूजा के आयोजन।
- पुष्कर में कल से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय पशु मेले में देश के विभिन्न राज्यों से पशुपालकों, व्यापारियों और पर्यटकों का पहुंचना शुरू।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में 50 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। श्री मोदी ने कल छत्तीसगढ़ के बस्तर में जवानों के साथ दीवाली मनाई और उन्हें संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जन धन बैंकिंग, पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर, बिना गारंटी वाले मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सेवा, निःशुल्क मासिक राशन, बच्चों की शिक्षा नीतियां, स्वच्छ भारत और हर घर जल जैसी योजनाओं ने मिलकर लोगों के जीवन को उन्नत किया है।

0000

कैंसर के उपचार की 137 दवाओं की घटी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इससे पहले राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण– एनपीपीए ने इन दवाओं के अधिकतम खुदरा मूल्य–एमआरपी पर मुनाफे की सीमा तय की थी। यह फैसला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है। अब तक 76 दवा कंपनियों ने कैंसर रोधी दवाओं के एक हजार 225 फॉर्मूलेशन की संशोधित एमआरपी घोषित की है। इनमें से एक हजार 31 फॉर्मूलेशन की कीमतों में कमी दर्ज की गई है। 600 ब्रांड की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती हुई है। इन दवाओं की कीमतों में कमी से उपभोक्ताओं को सालाना लगभग तीन हजार पांच सौ दो करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है।

0000

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज गुजरात में एक हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री शाह अहमदाबाद में इस्कॉन जंक्शन से साणंद चौकड़ी तक बने छह लेन के एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। 464 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार इस कॉरिडोर के खुलने से एसजी हाईवे पर यातायात का दबाव कम होने और रोजाना करीब दो लाख वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

गृहमंत्री 700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे जबकि 364 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

0000

आज राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस मनाया जा रहा है। इस दिवस का उद्देश्य देश के विकास में उद्यमिता के महत्व पर बल देना है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की स्थापना भी वर्ष 2014 में इसी तारीख को की गई थी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त दो लाख 62 हजार से अधिक स्टार्टअप के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। ये स्टार्टअप रोजगार के साथ ही युवाओं के लिए नए अवसर भी उपलब्ध करा रहे हैं।

0000

दीपावली का पर्व प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। घरों, मन्दिरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विशेष पूजा–अर्चना हुई। जयपुर के परकोटे से लेकर शहर के सभी मुख्य मार्गों पर आकर्षक सजावट की गई। इनमें रामसेतु और समुद्र मंथन की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। हर गली और मोहल्ले में भगवान श्रीराम के आगमन का उल्लास आतिशबाजी के रूप में देखने को मिला। आसमान रंग–बिरंगी रोशनियों से जगमगा हो उठा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परकोटा पहुंचकर पारम्परिक रोशनी को देखा, और आमजन से मुलाकात की। श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की बधाई देते हुए कहा कि दीपोत्सव पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा और परिवार की एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श मर्यादा, सेवा, त्याग और जनकल्याण का मार्ग दिखाते हैं। इस मौके पर उन्होंने लोगों से परिवार में प्रेम, समाज में भाईचारा और प्रदेश में सुख, शांति एवं सद्भाव बढ़ाने का संकल्प लेने की अपील की। इस दौरान जयपुर नगर निगम के महापौर सुनील कोठारी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इससे पहले कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। दोनों ने एक–दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इधर आज दीपावली के दूसरे दिन लोग मित्रों और परिजनों के घर जाकर दीवाली की रामा–श्यामा कर रहे हैं। कई स्थानों पर आज गोवर्धन पूजा और अन्नूकूट महोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। भरतपुर के ब्रज क्षेत्र सहित जालौर और हनुमानगढ में गोवर्धन बनाकर भगवान को भोग लगाया जाएगा। वहीं राजसमंद के श्रीनाथजी मन्दिर में मनाया जाने वाले अन्नकूट महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास देखा जा रहा है।

0000

प्रदेश में कल भी कई जगह गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव आयोजित किये जाऐगें।

0000

पुष्कर में लगने वाला अंतरराष्ट्रीय पशु मेला कल से शुरू हो रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से पशुपालकों, व्यापारियों और पर्यटकों का पुष्कर पहुंचना शुरू हो गया है। रेतीले धोरों में रंग–बिरंगे तंबू सजने लगे हैं और सजे–धजे ऊंटों और घोड़ों की मौजूदगी से मेला क्षेत्र में पारंपरिक ग्रामीण संस्कृति की झलक दिखाई दे रही है। इस साल पुष्कर मेला 26 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

वहीं, पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न प्रतियोगिताओं का औपचारिक शुभारंभ 17 नवंबर को ध्वजारोहण के साथ होगा। मेले के दौरान पर्यटकों और देशी–विदेशी सैलानियों के लिए ऊंट श्रृंगार, ऊंट नृत्य, अश्व नृत्य के साथ पारंपरिक ग्रामीण खेल, पगड़ी बांधने, मटका दौड़ देसी–विदेशी सैलानियों के बीच क्रिकेट और फुटबॉल मैच सहित विभिन्न पारंपरिक खेलकूद, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 24 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन मुख्य स्नान और महाआरती होगी।

0000